Process Safety **Beacon**

उत्पादन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए संदेश

www.aiche.org/ccps/process-safety-beacon

An AIChE Technology Alliance CCPS Center for Chemical Process Safety

aiche.org/ccps

इस अंक के प्रायोजक है

ioMosaic® *Minimizing risk. Maximizing potential.®*

www.iomosaic.com

संवेदनशीलता का आभास – बहुत महत्त्वपूर्ण सुरक्षा घटक

जून 2023



इस प्रोसेस क्षेत्र में सल्फ्यूरिक अमल का बहुधा मात्रा में प्रयोग किया जाता था । एक व्यक्ति एक प्रोसेस क्षेत्र से गुजर रहा था , उस ने एक प्रचालक को नाइट्रोजन के होज को अलग करते समय देखा । प्रचालक ने सम्पूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) नहीं पहन रखा था , जो इस क्षेत्र के लिए आवश्यक थे । इस में मुख कवच (face shield) सम्मिलित था। वो व्यक्ति रूका , उस ने स्थिति का विवरण दिया और प्रचालक ने इच्छा से इस का पालन किया । वो व्यक्ति कुछ कदम ही दूर चला था ,कि उसने सल्फ्यूरिक तेजाब क्षेत्र से 'पॉप' और 'हिसिंग" आवाज़े सुनी । प्रचालक अमल में पूरा भीग गया और उस को नजदीकतम सुरक्षा फव्वारा तक पहुंचाया गया ।

प्रचालक इस बात से अनभिज्ञ , सल्फ्यूरिक तेजाब नाइट्रोजन में वापिस प्रवाहित हो गया। जब इस को अलग किया गया , तो दवाब से तेजाब प्रचालक के मुंह और शरीर पर पड़ गया । चूंकि प्रचालक ने आवश्यक पीपीई पहन रखे थे को एक ही जगह गर्दन पर बहुत कम रासायनिक जलन हुई।

जांच पड़ताल के समय , प्रचालक का मुंह कवच बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उस के बीच बीच धब्बा पड गया , जहां पर तेजाब का छिड़काव हुआ था । बिना मुंह कवच के, प्रचालक बुरी तरह से जल गया होता और उस के आंखो की दृष्टि स्थायी रूप से चली गई होती ।

पहले व्यक्ति कहाँ रूका और प्रचालक को पूरा पीपीई सेट पहनने के लिए कब कहा ? संवेदनशीलता का आभास । प्रेक्षक ने होज में तेजाब होने की संभावना को देखा , जब कि इसमें केवल नाईट्रोजन होनी चाहिए थी।

क्या आप जानते है ?

"संवेदनशीलता का आभास" का क्या अर्थ है ? इस का अभिप्राय: है कि आपके संयंत्र में प्रत्येक व्यक्ति :

- **आप अपने क्षेत्र में सामग्रियों और प्रोसेस के दशाओ से (दवाब , तापमान इत्यादि) के साथ जुड़े हुये खतरो का समझे ।**
- **कमजोरिया जो यह इंगित करती है कि आने वाले समय में क्या गंभीर समस्याये (जैसे कि छोटा सा स्त्राव , एक पाईप लाईन का विफल होना विकट स्थिति पैदा कर सकती है) , के बारे में निरंतर सतर्क रहे ।**
- **यदि संयंत्र का अच्छा सुरक्षा निष्पादन रहता है , तो भी आप सतर्क रहे ।**
- **अपने व्यक्तिगत जीवन में भी , संवेदनशीलता का आभास का सही मायनों में अर्थ है कि बुरे मौसम में वाहन चलाने की गति को धीमा करना या सीढ़ी चड़ते समय अधिक ध्यान रखना।**
- **जब हम जल्दी में है ,तो हम संवेदनशीलता के आभास को भूल सकते है। इस से यह भी हो सकता है कि हम कुछ कदम छोड़ सकते है या सही पी पीई को पहनना भूल सकते है ।**
- **बहुत से लोग , जो अपनी नौकरी या कंपनी छोड़ कर आते है , वो अपने साथ संवेदनशीलता साथ ले कर आते है ।**
- **एक सुदृढ़ प्रोसेस सुरक्षा संस्कृति का एक आवश्यक विशेषता है – संवेदनशीलता के आभास को बनाए रखना ।**

आप क्या कर सकते है ?

- **यदि आप किसी को – जोखिम लेने का व्यवहार देखते है , तो कार्य बंद कर दे और उस व्यक्ति सही प्रणाली का प्रयोग करने के लिए कहे । आप किसी को गंभीर रूप से घायल होने से या उससे भी बुरा होने से बचा सकते है ।**
- **यदि आप को कोई कार्य करने से रोकता है और यह पूछता है कि आप कार्य कैसे कर रहे है , तो आप रक्षात्मक रूख ने अपनाए। वो आप को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे है । उनके प्रश्नो का शांति से उत्तर दे , कार्य कैसे करना है ; उनके सुझावो का खुले मन से स्वीकार करे और सुरक्षा के बारे में उनकी चिंता करने के लिए , उनका धन्यवाद करे ।**
- **यदि आप के क्षेत्र में नए कर्मचारी है , तो उनको इकाई के जोखिमों और प्रणालियों के बारे में शिक्षित करे । उन्हे सुरक्षित रहने के लिए आप सहायता करे !**
- **कभी यह मत सोचे कि " यहाँ पर यह घटना नहीं हो सकती है " । ऐसा हो सकता है !**

संवेदनशीलता का आभास – आप की प्रोसेस सुरक्षा का "मकड़ी के भाव "के समान

©AIChE 2023. All rights reserved. Reproduction for non-commercial, educational purposes is encouraged. However, reproduction for any commercial purpose without express written consent of AIChE is strictly prohibited. Contact us at ccps_beacon@aiche.org or +1 646-495-1371.

This has been translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta , MUMBAI (India)